# पाठ 21
# भूल गया है क्यों इनसान

भूल गया है क्यों इनसान!
सबकी है मिट्टी की काया,
सब पर नभ की निर्मल छाया,
यहाँ नहीं कोई आया है, ले विशेष वरदान।

भूल गया है क्यों इनसान!
धरती ने मानव उपजाए,
मानव ने ही देश बनाए,
बहु देशों में बसी हुई है, एक धरा संतान।

भूल गया है क्यों इनसान।
देश अलग हैं, देश अलग हों,
वेश अलग हैं, वेश अलग हों,
मानव का मानव से लेकिन, अलग न अंतर प्राण।
भूल गया है, क्यों इनसान।

▸ डॉ. हरिवंशराय बच्चन



## शिक्षण संकेत

- शिक्षक कविता का हाव भाव,लय,के साथ वाचन करें तथा छात्रों से कराएँ।
- वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से छात्रों को परिचित कराएँ।
- देशप्रेम की अन्य कविताएँ प्रेरक प्रसंग सुनाएँ।
- व्याकरण का अभ्यास कराएँ।

## नए शब्द

**इनसान** = मनुष्य। **काया** = शरीर। **नभ** = आकाश। **निर्मल** = स्वच्छ, साफ। **वरदान** = उपहार, देवताओं से प्राप्त आशीर्वाद । **उपजाए** = पैदा करना। **देश** = राष्ट्र। **वेश** = पहनावा। **अंतर प्राण** = आत्मा, हृदय। जीवन। **विशेष** = महत्वपूर्ण।

## अनुभव विस्तार

### 1. पाठ से खोजो-

**( क ) सही जोड़ी बनाए-**

| | | |
|---|---|---|
| उपजाए | – | शरीर |
| इनसान | – | उपहार |
| वरदान | – | पैदा किए |
| काया | – | मनुष्य |

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

1. यहाँ नहीं कोई आया है, ले विशेष...................... ।
2. ...............में बसी हुई है, एक धरा...................... ।
3. मानव का ................से लेकिन, ................न अंतर प्राण।
4. भूल गया है, .................................. ।

### 2. अति लघु उत्तरीय प्रश्न-

**निर्देश-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए-**

1. सभी प्राणियों की काया (शरीर) कैसी है?
2. आकाश की छाया कैसी है?
3. मानव ने क्या बनाया?
4. बहु देशों में क्या बसा है?

### 3. लघु उत्तरीय प्रश्न-

**निर्देश-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन से पाँच वाक्यों में दीजिए-**

1. धरती और नभ ने इनसान को क्या दिया?
2. देश और वेश-भूषा अलग होने पर भी मानव में क्या समानता है?
3. इनसान क्या-क्या बातें भूल गया है?



## भाषा की बात

**प्र. 1** नीचे दी गई मात्राओं से उचित मात्राएँ लेकर कविता की पंक्तियों को सुधार कर सही रूप में लिखिए-

**मात्राएँ-** ू  ै  ि  ा  ी  ा  ं  ा  ै  े  ा

भल गया ह क्यों इनसान
सबकी ह मट्टी की काय
सब पर नभ की निमल छाया
यहा नहीं कोई अया ह, ले विशष वरदन।

**प्र.2** निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

मिट्टी, वरदान, देश, वेश, इनसान

**प्र 3** दिए गए शब्दों का उच्चारण कर उन्हें लिखिए-

विशेष, उपजाए, बहु-देशों, धरा-संतान, अंतर-प्राण।

**प्र. 4** निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए-

| | |
|---|---|
| पृथ्वी | संसार |
| आकाश | मानव |



## अब करने की बारी

1. आप अपने आसपास रहने वाले स्त्री-पुरुषों की वेश-भूषा की सूची बनाइए।
2. आपके गाँव/शहर के आसपास कौन-कौन से गाँव हैं, उनके नाम लिखिए।
3. राष्ट्रीय एकता से संबंधित कोई अन्य कविता खोजकर बालसभा में सुनाइए।
4. पाठ में दी गई कविता को कंस्ठस्थ कीजिए।

———— 0 ————